# पाठ 37　富士山を見たり、おすしを食べたりしました

## फ़ुजिसान् ओ मितारि, ओसुशि ओ ताबेतारि शिमाशिता

| | | |
|---|---|---|
| 寮母 | 旅行はどうだった？ | सफ़र कैसा रहा? |
| छात्रावास प्रभारी | र्योकोउ वा दोउ दात्ता? | |
| アンナ | 富士山を見たり、おすしを食べたり | कभी फ़ुजि पर्वत देखा, तो कभी सुशि |
| आन्ना | しました。楽しかったです。 | खाई। |
| | फ़ुजिसान् ओ मितारि, ओसुशि ओ ताबेतारि शिमाशिता। | मज़ा आया। |
| | तानोशिकात्ता देसु। | |
| 寮母 | それはよかったわね。 | अच्छी बात है। |
| छात्रावास प्रभारी | सोरे वा योकात्ता वा ने। | |

### व्याकरण सीखें

### ① क्रिया का ता-रूप + रि, क्रिया का ता-रूप + रि शिमासु

◈ जब कई क्रियाओं में से एक दो का उदाहरण देना हो, तो उदाहरण की प्रत्येक क्रिया के **ता**-रूप के साथ **रि** जोड़ें और वाक्य के अन्त में लगाएँ **शिमासु** (करना) या **शिमाशिता** (किया)।

उदाहरण) फ़ुजिसान् ओ मिता (फ़ुजि पर्वत देखा)　ओसुशि ओ ताबेता (सुशि खाई)

फ़ुजिसान् ओ मितारि, ओसुशि ओ ताबेतारि शिमाशिता।

(कभी फ़ुजि पर्वत देखा, कभी सुशि खाई।)

### ② _ वा दोउ दात्ता? (_ कैसा रहा?)

◈ **दोउ** का अर्थ है कैसा। **दात्ता**, **देशिता** का अनौपचारिक रूप है। **देशिता**, वाक्य के अंत में लगता है और भूतकाल दर्शाता है।

उदाहरण) शिकेन् वा दोउ दात्ता? (परीक्षा कैसी रही?)

### शब्दों की पोटली

**हेतोहेतो**

यह शब्द बताता है कि कोई बहुत थका हुआ और कमज़ोर महसूस कर रहा है।

**कुताकुता**

यह शब्द बताता है कि कोई पूरी तरह थक चुका है और ऐसा महसूस कर रहा है कि उसमें बिलकुल जान नहीं बची।

Created by NHK WORLD © ver. April 2015